मुद्दों के बारे बताना

चाइल्डनेट SMART (होशियार) नियम विशेष तौर पर बच्चों तथा नवयुवकों को यह याद दिलाने के लिए लिखे गए हैं कि ऑनलाइन होते समय सावधान कैसे रहना है

S — SAFE (सुरक्षित): ऑनलाइन होते समय जिन लोगों पर आपको भरोसा नहीं है, उन्हें व्यक्तिगत जानकारी - जैसे कि अपना नाम, ईमेल, फोन नंबर, घर का पता, या स्कूल का नाम - न देने के बारे सावधान रहने से सुरक्षित रहें।

M — MEETING (मुलाकात): किसी ऐसे व्यक्ति के साथ मिलना खतरनाक हो सकता है जिसके साथ आपका संपर्क केवल ऑनलाइन ही रहा हो। इस तरह की भेंट केवल अपने माता-पिता या देखरेख करने वाले व्यक्ति की अनुमति के साथ ही करें और वह भी तब जब ये लोग मौजूद हो सकते हों।

A — ACCEPTING (स्वीकार करना): जिन लोगों को आप जानते नहीं या जिन पर आप भरोसा नहीं करते, ऐसे लोगों की तरफ से ईमेल, ीम संदेश स्वीकार करने या फाइलें, तस्वीरें या कोई पढ़ने वाली चीज़ खोलने से समस्याएं पैदा हो सकती हैं - इनमें वायरस या गंदे संदेश हो सकते हैं।

R — RELIABLE (भरोसेयोग्य): ऑनलाइन होने वाला कोई व्यक्ति अपने बारे में झूठ बोल रहा हो सकता है कि वह कौन है, और इंटरनेट पर जो जानकारी आपको मिलती है, मुमकिन है कि वह भरोसेयोग्य न हो।

T — TELL (बताएं): यदि किसी व्यक्ति या किसी चीज़ के कारण आप बेआराम या चिंतित हैं तो अपने माँ/बाप, देखरेख करने वाले व्यक्ति अथवा किसी भरोसेयोग्य बालिग को बताएं।

आप इस समय क्या कर सकते हैं

> अपने बच्चों के इंटरनेट इस्तेमाल में शामिल हों। बच्चों के साथ इस बारे में विचार विमर्श कि इंटरनेट कौन से अवसर मुहैया करता है तथा इसके क्या खतरे हैं, में यह शामिल होता है कि उनकी स्वयं यह देखने में सहायता करना कि वे कैसे कठिनाई में पड़ सकते हैं और इससे बाहर कैसे निकल सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आपके बच्चों को SMART (होशियार) नियम पता हों।

> व्यक्तिगत जानकारी, ऑनलाइन बिताए जाने वाले समय, तथा इंटरनेट के माध्यम से लोगों के साथ संपर्क करने से संबंधित नियमों के साथ एक परिवार की तरह सहमति बनाएं।

> ऑनलाइन पंजीकरण के लिए परिवार का एक साझा ईमेल पता बनाएं।

> अपने परिवार की पसंदीदा वेबसाइटों को बुकमार्क करें। www.virtualglobaltaskforce.com को अपनी पसंदीदा वेबसाइटों (Favourites) में शामिल करें, और यदि आपको कभी पुलिस को ऑनलाइन दुर्व्यवहार की सूचना देने की आवश्यकता पड़ती है तो इसका इस्तेमाल करें।

> बच्चों को इस बात के लिए प्रोत्साहन दें कि यदि वे ऑनलाइन कुछ होने के कारण चिंतित या परेशान होते हैं तो किसी ऐसे व्यक्ति के साथ बात करें जिस पर वे भरोसा करते हैं।

और परामर्श तथा संसाधन

चाइल्डनेट अंतर्राष्ट्रीय वेबसाइट बच्चों तथा नवयुवकों, माता-पिता, अध्यापकों, तथा और संस्थाओं को इंटरनेट सुरक्षा संबंधी परामर्श तथा कड़ियाँ मुहैया करती है।

www.childnet-int.org

चाइल्डनेट की चैटडेंजर वेबसाइट चैट, IM, ऑनलाइन खेल, ईमेल, तथा मोबाइल जैसी पारस्परिक मेल जोल वाली सेवाओं के संभावित खतरों के बारे विवरण मुहैया करती है। सच्ची कहानियाँ पढ़ें तथा पता लगाएं कि ऑनलाइन चैट करते समय सुरक्षित कैसे रहना है।

www.chatdanger.com

चाइल्डनेट सॉर्टिड वेबसाइट एक ऐसा संसाधन है जो इंटरनेट सुरक्षा के मुद्दों पर बच्चों, नवयुवकों तथा बालिगों के लिए पूरी तरह से बच्चों तथा नवयुवकों के द्वारा तैयार किया गया है। यह इस बारे में महत्वपूर्ण जानकारी तथा परामर्श देता है कि कंप्यूटरों को वायरसों, फिशिंग (phishing) घोटालों, जासूसी करने वाले सॉफ्टवेयरों (स्पाईवेयर) तथा ट्रॉजनों से कैसे बचाया जाए।

www.childnet-int.org/sorted

चाइल्ड एक्सप्लायटेशन एंड ऑनलाइन प्रोटेक्शन (CEOP) सेंटर की वेबसाइट इस विषय पर विस्तृत जानकारी का भंडार है कि ऑनलाइन सुरक्षित कैसे रहा जाए। इसमें वर्चुअल ग्लोबल टास्कफोर्स के साथ जोड़ने वाली एक अद्वितीय कड़ी शामिल है जिसके माध्यम से माता-पिता, बच्चे तथा नवयुवक ऑनलाइन हुए असली दुर्व्यवहार या जिसे करने का प्रयास किया गया हो, के बारे में सूचना दे सकते हैं जिसकी जाँच-पड़ताल पुलिस के द्वारा की जाएगी।

www.ceop.gov.uk

इंटरनेट वॉच फाउंडेशन वेबसाइट ऑनलाइन गैर-कानूनी अंतर्वस्तु की रिपोर्ट करने के लिए यू.के. की हॉटलाइन है। यह विशेष तौर पर दुनिया भर में संचारित बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के चित्रों तथा यू.के. में अपराधशील अश्लील तथा जातीय घृणा भड़काने वाली अंतर्वस्तु का सामना करने हेतु बनाई गई है।

www.iwf.org.uk

यह गाइड बच्चों की इंटरनेट चैरिटी चाइल्डनेट इंटरनेशनल द्वारा लिखी गई है तथा DfES द्वारा फंड की गई है।

department for education and skills
creating opportunity, releasing potential, achieving excellence

Childnet International © 2006
पंजीकृत चैरिटी नंबर 1080173
www.childnet-int.org

Childnet International

20 लाख से अधिक प्रतियाँ बाँटी जा चुकी हैं!

Childnet International

www.childnet-int.org

इंटरनेट पर बच्चों के साथ साथ...

...माता-पिता, देखरेख करने वालों तथा अध्यापकों के लिए इंटरनेट सुरक्षा गाइड

इंटरनेट – सदा परिवर्तनशील

बच्चों के प्रौद्योगिकी उपयोग के साथ कदम मिला के चलना बहुत से बालिगों के लिए चुनौती भरा हो सकता है। इस बात की निगरानी करना कठिन हो सकता है कि बच्चे तथा नवयुवक ऑनलाइन क्या देख रहे हैं और क्या बना रहे हैं, किसके साथ चैट कर रहे हैं या लिखित संदेशों का आदान प्रदान कर रहे हैं, और क्या डाउनलोड कर रहे हैं।

बहुत से बच्चों की तकनीकी कुशलताएं आपसे बढ़िया हो सकती हैं; परंतु फिर भी इंटरनेट तथा मोबाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग करते समय उन्हें सलाह तथा सुरक्षा की आवश्यकता होती है।

यह चाइल्डनेट गाइड ऑनलाइन सुरक्षा के मुद्दों को समझने में आपकी सहायता करेगी और आपको बच्चों के साथ बात करने के बारे व्यावहारिक परामर्श देगी ताकि वे इंटरनेट का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें और इसका सकारात्मक तथा सुरक्षित उपयोग कर पाएं।

फिर खतरे क्या हैं?

इंटरनेट तथा मोबाइल का इस्तेमाल करते समय बच्चों के लिए जो खतरे हैं उनमें शामिल हैं **अनुचित:**

C CONTACT (संपर्क): ऑनलाइन होने वाले किसी ऐसे व्यक्ति के साथ संभावित संपर्क जो उन पर धौंस जमाना या दुर्व्यवहार करना चाह रहा हो।

> बच्चों के लिए यह याद रखना महत्वपूर्ण होता है कि मुमकिन है कि ऑनलाइन मित्र वे न हों जो वे कह रहे हों कि वे हैं, चाहे उनसे कितने ही समय से बात क्यों न हो रही हो या चाहे वे कितने ही दोस्ताना प्रतीत क्यों न हों। यह अनिवार्य है कि बच्चे व्यक्तिगत विवरण को असार्वजनिक रखें तथा इस बात के लिए सहमत हों कि वे किसी भी ऐसे व्यक्ति से बिना निगरानी के नहीं मिलेंगे जिसके साथ उनका संपर्क केवल इंटरनेट द्वारा हुआ हो। यह भी महत्वपूर्ण है कि आप अपने बच्चे से इस बारे सलाह करें कि वे अनुचित बातचीत की सूचना किसे दे सकते हैं और कैसे।

C CONTENT (अंतर्वस्तु): बच्चों के लिए अनुचित सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध होती है।

> फिल्टर करने वाले साफ्टवेयरों के इस्तेमाल पर गौर करें तथा बुनियादी नियमों पर सहमति लें कि ऐसी कौनसी सेवाएं हैं जिनका यदि बच्चे इस्तेमाल करें तो उन्हें एतराज़ न होगा। ऐसी अंतर्वस्तु के साथ निपटने के लिए उन्हें कार्यनीतियाँ दें जो उन्हें ठीक नहीं लगती - जैसे कि कंप्यूटर की स्क्रीन का स्विच बंद कर देना। कॉपीराइट वाली अंतर्वस्तु की नकल करने के कानूनी अंजाम भी निकल सकते हैं। बच्चों तथा नवयुवकों को इस बारे सचेत होने की आवश्यकता है कि अंतर्वस्तु की चोरी करना तथा रचयिता की अनुमति के बिना कॉपीराइट वाली सामग्री को डाउनलोड करना गैर-कानूनी होता है।

C COMMERCIALISM (व्यापारिकता): बच्चों तथा नवयुवकों की गोपनीयता पर आक्रमणशील विज्ञापन तथा मार्किटिंग योजनाएं धावा बोल सकती हैं।

> अपने बच्चों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखने, पॉप-अपस को मिटाने तथा स्पैम ईमेलों को रोकने, तथा ऑनलाइन फॉर्म भरते समय पारिवारिक ईमेल पता भरने के लिए प्रोत्साहित करें।

क्या मैं महज़ फिल्टर का इस्तेमाल नहीं कर सकता?

फिल्टर तथा निगरानी करने वाले सॉफ्टवेयर बहुत सी अनुचित सामग्री रोकने में सहायता कर सकते हैं, लेकिन वे 100% कारगर नहीं होते तथा बड़ों की सहभागिता तथा निगरानी का स्थान नहीं ले सकते।

और परामर्श के लिए देखें:
www.getnetwise.org

सामाजिक नेटवर्किंग तथा ब्लॉगिंग

सामाजिक नेटवर्किंग या ब्लॉग ऐसे ऑनलाइन स्थान हैं जहाँ बच्चे तथा नवयुवक अपने आप को व्यक्त करने तथा दूसरों के साथ विचार तथा अपनी राय साझी करने हेतु व्यक्तिगत वेब-पन्ने बना सकते हैं। ऐसी साइटों के द्वारा वे और साइटों के साथ कड़ियाँ जोड़ने से ऑनलाइन मिल सकते हैं तथा सामाजिक गतिविधियों में भाग ले सकते हैं और इस प्रकार ये साइटें आसानी से जानकारी का आदान प्रदान तथा चैटिंग के लिए उनके संपूर्ण सामाजिक नेटवर्क के लिए वातावरण तैयार कर देती हैं।

खतरे क्या हैं?

किसी प्रोफाइल में व्यक्तिगत जानकारी तथा संपर्क के विवरण हो सकते हैं या ऑनलाइन बातचीत के दौरान बताए जा सकते हैं। इस तरह की जानकारी से बच्चों तथा उनके सामाजिक नेटवर्क की अनचाहा संपर्क मिल सकता है। बच्चे अपने या औरों के चित्र भी ऑनलाइन डाल सकते हैं, जिससे उनकी या उनके मित्रों की सुरक्षा को खतरा हो सकता है या इनका इस्तेमाल दूसरों पर धौंस डालने के लिए किया जा सकता है।

आप क्या कर सकते हैं?

बच्चों से सीखें और उन्हें सिखाएं कि इन चीज़ों का इस्तेमाल ज़िम्मेदारी के साथ कैसे करना है। गोपनीयता की उपलब्ध तरजीहों की जाँच करें तथा इस बात पर आग्रह करें कि बच्चे अपने ब्लॉग इस तरह डालें कि वे केवल ऐसे लोग ही देख पाएं जो उन्हें ऑफलाइन जानते हैं। बच्चों तथा नवयुवकों को प्रोत्साहित करें कि वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी कम से कम रखें तथा प्रोफाइल में अपनी या अपने दोस्तों की कोई व्यक्तिगत तस्वीर शामिल करने से पहले बड़े ध्यान से सोचें। ऑनलाइन होने वाली तस्वीरों की बड़ी आसानी से नकल की जा सकती है, इनमें परिवर्तन किए जा सकते हैं, तथा संभव तौर पर यह हमेशा के लिए ऑनलाइन रह सकती हैं।

अधिक जानकारी के लिए देखें: **www.childnet-int.org/blogsafety**

और संसाधन

चाइल्डनेट माता-पिता के लिए एक विशेष सेमीनार करवाता है जो कि आपके स्कूल में करवाया जा सकता है तथा चाइल्डनेट की किडस्मार्ट वेबसाइट पर माता-पिता के लिए और सलाह तथा संसाधन हैं, देखें: **www.kidsmart.org.uk/parents**.

चाइल्डनेट प्राइमरी तथा सैकंडरी दोनो स्कूलों के विद्यार्थीयों के लिए पर्चे भी तैयार करता है। इन्हें **www.childnet-int.org/order** पर, चाइल्डनेट को **020 7639 6967** पर फोन, अथवा **info@childnet-int.org** पर ईमेल करके मंगवाया जा सकता है।

डाउनलोड करना, P2P तथा फाइलें साझी करना

साथी-से-साथी (Peer-2-Peer) (P2P) क्या है?

P2P सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने से, फाइलें साझा करने वाला एक नेटवर्क लोगों को तस्वीरें, वीडियो, संगीत, सॉफ्टवेयर तथा खेलों का आदान प्रदान करने के समर्थ करता है।

क्या यह कानूनी है?

जो लोग रचयिता की अनुमति के बिना कॉपीराइट वाली सामग्री ऑनलाइन डाउनलोड या अपलोड करते हैं, वे कानून की उलंघना कर रहे होते हैं। आप ऐसी वेबसाइटों पर जाकर कानूनी तौर पर डाउनलोड कर सकते हैं जिन पर फाइलें साझा करने की अनुमति दी गई हो।

गोपनीयता तथा सुरक्षा को क्या खतरे हैं?

यदि आप अनियंत्रित साइटों पर फाइलें साझी कर रहे हैं तो आपके कंप्यूटर को स्पाईवेयर, वायरस तथा और आक्रामक प्रोगरामों से खतरा है। प्रतिष्ठित साइटों पर जाने और फायरवॉल तथा एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर लगाकर अपने कंप्यूटर तथा व्यक्तिगत फाइलों की रक्षा करें।

अनुचित अंतर्वस्तु तथा संपर्क के बारे?

फाइलें साझा करने वाले नेटवर्क इंटरनेट का सबसे कम नियंत्रित हिस्सा हैं। इनमें अश्लील तथा अनुचित अंतर्वस्तु हो सकती है, अकसर ऐसी फाइलों में जिनके नाम बहकाने वाले हों। खतरा घटाने के लिए बच्चों को कानूनी तौर पर डाउनलोड करने वाली साइटों पर भेजें।

अधिक जानकारी के लिए देखें: **www.childnet-int.org/music**

मोबाइल फोन पर इंटरनेट

ऑनलाइन सुरक्षित होने का मुद्दा मोबाइल फोन पर भी उतना ही लागू होता है, विशेषत: क्योंकि अब अधिकतर फोन इंटरनेट से जुड़ सकते हैं।

हालांकि मोबाइल फोन वाले बच्चों तथा नवयुवकों के लिए संचार, परस्पर मेल जोल तथा मनोरंजन के काफी अवसर हैं, लेकिन आपकी निगरानी से दूर बच्चों में यह खतरा हो सकता है कि वे अनुचित सामग्री तथा तस्वीरें देखें या बाँटें तथा अपरिचित लोगों के साथ बातचीत करें।

बच्चों को अश्लील संदेश आ सकते हैं, बच्चे व्यापारिक मोबाइल फोन दवाब के प्रति ग्रहणशील हो सकते हैं तथा फोन के भारी बिल आ सकते हैं।

अपने बच्चों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करना बहुत ज़रूरी है कि वे अपने मोबाइल का नंबर अपरिचित लोगों को न दें, चाहे वे ऑनलाइन हों और चाहे असली ज़िंदगी में। यह भी ज़रूरी है कि मोबाइल का इस्तेमाल सुरक्षित तथा ज़िम्मेदाराना ढंग से करने में उनकी सहायता की जाए।

और परामर्श के लिए देखें: **www.chatdanger.com/mobiles**